सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 27, गुरूवार, *शाके* 1947- सितम्बर 18, 2025
Bhadra 27, Thursday, Saka 1947- September 18, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/16501:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर सीकर द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका खाटूश्यामजी हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका खाटूश्यामजी सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष 2025</u>

वार्ड सं.	वार्ड की सीमा	जनसंख्या
01	अलोदा रोड़ पर नगर पालिका की सीमा से अलोदा रोड़ के बायी तरफ के भाग को छोड़ते हुए, अलोदा रोड़ पर चलते चलते बंधु स्कूल को शामिल करते हुए, पुराने बस स्टेण्ड को शामिल करते हुए, हरियाणा धर्मशाला व बलाई मोहल्ला को दायी तरफ शामिल करते हुए दांता रोड़ चलते-चलते पीडब्ल्यूडी चौकी को दायी तरफ शामिल करते हुए, श्रीधाम को बायी तरफ छोड़ते हुए खेतर व फुलदास की ढाणी को बायी तरफ छोड़ते हुए, माताजी रोड़ को पार करते हुए अलोदा व नगर पालिका की सीमा के सहारे-सहारे चलते हुए पंचमुड़ी को शामिल करतें हुए, सीमा के सहारे सहारे अलोदा रोड़ तक।	685
02	दांता रोड़ से वीआईपी रोड़ पर चलते हुए, पुलिस थाना को दायी तरफ शामिल करते हुए, गुवाड़ चौंक को बायी तरफ छोड़ते हुए, कुल्हरियों की ढाणी, श्याम कुंज को दायी तरफ शामिल करते हुए, श्याम सखा को शामिल करते हुए,	698

	लाला मांगेराम धर्मशाला को बायी तरफ छोड़ते हुए, गणपत कुमावत के मकान को बायी तरफ छोड़ते हुए, रूलानियो की ढाणी को शामिल करते हुए, ढाणी बन्नाराम को बायी तरफ छोड़ते हुए, मूंडो की ढाणी, शेशमा की ढाणी, कज्जू शेरावत की ढाणी को दायी तरफ शामिल करते हुए, नगर पालिका की सीमा के सहारे-सहारे खेंतर ढाणी, फुलदास को शामिल करते हुए, नगर पालिका सीमा के सहारे-सहारे माताजी रोड़ को बायी तरफ छोड़ते हुए, पीडब्ल्यूडी को बायी तरफ छोड़ते हुए, श्री धाम धर्मशाला को दायी तरफ शामिल करतें हुए दांता रोड़ पर वीआईपी रोड़ तक।	
03	मंदिर मार्ग पर राजू की चैन से मित्रमण्डल धर्मशाला, होटल सवामणी, तेलियो का मोहल्ला, ब्राहम्णो के मोहल्ले को दाये शामिल करते हुए, कबूतर चौंक को बाये छोड़ते हुए, सेवको के मोहल्ले को शामिल करते हुए, श्याम बगीची व श्याम सखा को बायी तरफ छोड़ते हुए, लखदातार को बाये छोड़ते हुए, गुवाड़ चौंक को शामिल करते हुए, वीआईपी रोड़ पर चलते चलते बलाई मोहल्ला व हरियाणा धर्मशाला को बाये छोड़ते हुए, मंदिर मार्ग राजू की चैन तक।	611
04	मंदिर रास्ते पर हरि भटभोड़ा को दाये शामिल करते हुए, मंदिर मार्ग चलते चलते रामजीद्वारा को लेते हुए और श्याम कुण्ड को बाए छोड़ते हुए, ब्राहाम्णो के मोहल्ले को बाये छोड़ते हुए, गिरधारी कुमावत के मकान को लेते हुए, पुजारी हाउस, नन्दी भवन को शामिल करते हुए, पश्चिम दिशा चलते हुए, गणपत कुमावत व लालामांगेराम धर्मशाला, चौहान मोहल्ला श्याम बगीची को शामिल करते हुए, कालूरामजी अध्यापक के मकान को लेते हुए, सेवको के मोहल्ले को बाये छोड़ते हुए, श्याम मंदिर को शामिल करते हुए, ब्राहाम्णो के मोहल्ले के आंशिक भाग को लेते हुए, हरि भटभोड़ा के मकान तक।	667
05	लामियां रोड पर स्थित गिधारीलाल कुमावत के मकान को दायी तरफ शामिल करते हुये पूर्वी दिशा में चलते हुये, ब्राहमम्ण मोहल्ला को बायी तरफ छोडते हुये, लामिया रोड पर दक्षिण दिशा में चलते चलते दायी तरफ सूण्डा राम पुत्र श्री रामचन्द्र कुमावत के मकान को शामिल करते हुये, पश्चिम दिशा की तरफ चलते हुये पापण्डा की ढाणी के आंशिक भाग को व नाईयो की बस्ती को शामिल करते हुये, लामिया रोड पर उत्तर की तरफ चलते हुये पुजारी हाउस को बाये छोडते हुए गिरधारी लाल के मकान तक।	721
06	लामियां रोड़ पर स्थित पानी की टंकी को शामिल करते हुए, कुमावत मोहल्ले को बाये छोड़ते हुए, दक्षिण दिशा में चलते चलते न्यू रैगर कॉलोनी को शामिल करते हुए, कैरपुरा रोड़ पर पश्चिम दिशा में चलते चलते दाये भाग को शामिल करते हुए, लामियां रोड़ पर कुमावतो के मोहल्ले को एवं पावण्डो की ढाणी के दक्षिण भाग को शामिल करते हुए, लामियां रोड़ के सहारे सहारे उत्तर दिशा में चलते चलते कैरपुरा तिराहे को शामिल करते हुए, कानूनगो की जमीन को बाये छोड़ते हुए, लामियां रोड़ पर स्थित पानी की टंकी तक।	709
07	दांता रोड़ पर स्थित नगर पालिका की सीमा से पूर्व की तरफ चलते चलते	615

	कज्जू शेरावत मुण्डो की ढाणी को बायी तरफ छोड़ते हुए, ढाणी बन्नाराम को शामिल करते हुए, पूर्व दिशा में चलते चलते गणपत कुमावत के मकान को बायी तरफ छोड़ते हुए, प्रभाती लाल शर्मा के मकान को शामिल करते हुए, दक्षिण दिशा में चलते हुए लामियां रोड़ पर स्थित मंगल सिंह चौधरी के मकान को शामिल करते हुए, पानी की टंकी, चारणो की ढाणी, हरिजन बस्ती को शामिल करते हुए, दक्षिण दिशा में चलतें हुए, गीलो की ढाणी रोड़ पर चलते चलते ढाणी बोजा वाली को शामिल करते हुए, नगर पालिका खाटूश्यामजी की सीमा सहारे पश्चिम दिशा चलते चलते सेठो वाली बावड़ी को शामिल करते हुए, लाडपुर व नगर पालिका की सीमा के सहारे सहारे दांता रोड़ पर उत्तर की तरफ चलते हुए समस्त दायें भाग को शामिल करते हुए कज्जू शेखावत की ढाणी तक।	
08	लामियां रोड़ पर दक्षिण दिशा में चलते हुए, शेर सिंह, चौथमल के मकान को लेते हुए, चारणो की ढाणी को बायी तरफ छोड़ते हुए, लामिंया रोड़ पर दक्षिण दिशा में चलते हुए, कृष्णा पब्लिक स्कूल को शामिल करते हुए, कालू राम सीमार के मकान को दायी तरफ शामिल करते हुए, सीतारामपुरा रा.उ.प्रा.विद्यालय को बायी तरफ छोड़ते हुए, नगर पालिका व गीलो की ढाणी की सीमा के सहारे सहारे पश्चिम दिशा में चलते हुए, उत्तर दिमें मुड़कर गीलो की ढाणी रोड के ढाये भाग को शामिल करते हुए, बोजावाली ढाणी को बायी तरफ छोड़ते हुए, रोड रोड उत्तर दिशा में चलते हुए, शेरसिंह, चौथमल के मकान तक।	690
09	कैरपुरा रोड पर स्थित जैसाराम रैगर की दुकान को बायी तरफ छोड़ते हुए, कैरपुरा रोड़ पर चलते चलते शीशम वाले बालाजी को बायी तरफ छोड़ते हुए, सागर मल प्रधान के मकान को दायी तरफ शामिल करते हुए, नगर पालिका व कैरपुरा सीमा के सहारे सहारे दक्षिण में चलते हुए, सीतारामपुरा व रा.उ.प्रा.वि. सीतारामपुरा को शामिल करते हुए, लामियां रोड़ पर उत्तर दिशा मे चलते हुए, मालुराम सीमार के मकान को बाये छोड़ते हुए मेहन्दीपुर गेट को दायी तरफ शामिल करते हुए, लामिया रोड़ पर उत्तर दिशा में चलते हुए, बोदूराम माली के मकान को दायी तरफ शामिल करतें हुए, हरिजन बस्ती, चारणो की ढाणी को बायी तरफ छोड़ते हुए, जैसाराम रैगर की दुकाने तक।	695
10	नगर पालिका व कैरपुरा की सीमा के सहारे सहारे दक्षिण दिशा में चलते हुए शीशम वाले बालाजी को दायी तरफ शामिल करते हुए, सागरमल प्रधान के मकान को बायी तरफ छोड़ते हुए, पश्चिम दिशा में चलते चलते न्यू रैगर कॉलोनी को बायी तरफ छोड़ते हुए, प्रमोद पत्रकार के मकान को दायी तरफ शामिल करते हुए, खटीक मोहल्ला व कुमावत मौहल्ला को शामिल करते हुए, पूर्व दिशा में चलते हुए पानी की टंकी को बायी तरफ छोडते हुए, श्योजीराम पुनियां, बनवारी पुनियां के मकान को बायी तरफ छोड़ते हुए नगर पालिका व कैरपुरा की सीमा तक।	730

11	छीतरमल पुनिया के मकान को बायी तरफ छोडते हुए, पूर्व दिशा में चलते चलते बिजली ग्रेड को बायी तरफ छोड़ते हुए, पानी की टंकी को शामिल करते हुए, श्योजीराम पुनियां के मकान को बाये छोड़ते हुए, बनवारी लाल पूनियां के मकान को बायी तरफ छोड़ते हुए, वापिस पश्चिम दिशा की ओर चलते हुए, खटीक मौहल्ला व कुमावत मौहल्ला को बायी तरफ छोड़ते हुए छीतरमल पुनियां के मकान तक।	605
12	श्रीश्याम रतन धर्मशाला को शामिल करते हुए, पश्चिम में चलते हुए चक्रधारी धर्मशाला को बाये छोडते हुए, केदार माली के मकान को बाये छोडते हुए, दक्षिण दिशा में चलते चलते प्रमोद पत्रकार के मकान को बाये छोडते हुए, कुमावतो के मोहल्ले को लेते हुए पानी की टंकी को बाये छोडते हुए, लामिया रोड पर उत्तर की तरफ चलते चलते श्रीश्याम रतन धर्मशाला तक।	680
13	सुरेश कुमार शर्मा की दुकान को शामिल करते हुए, पूर्व दिशा की तरफ चलते चलते सुनारो का मोहल्ला, शनि मंदिर को शामिल करतें हुए, लामियां रोड पर दक्षिण दिशा में चलते चलते दाये भाग को शामिल करते हुए, पानी की टंकी को बाये छोडते हुए, पश्चिम दिशा की तरफ चलते हुए, ब्राहाम्णो के मोहल्ले को शामिल करते हुए, उत्तर दिशा में चलते हुए श्याम कुण्ड को शामिल करते हुए सुरेष कुमार की दुकान तक।	615
14	मस्जिद को दाये शामिल करते हुए, गढ धर्मशाला, पुनिया मोहल्ला को दायी तरफ शामिल करते हुए, गणेश खाती के मकान को बाये छोडते हुए, लामिया रोड पर दक्षिण दिशा में चलते हुए, श्याम रतन धर्मशाला को बाये छोडते हुए, पश्चिम दिशा की तरफ मुडते हुए शनि मंदिर व श्याम कुण्ड को बायी तरफ छोडते हुए, तिवाड़ियों का मोहल्ला, ब्राहामणो का मोहल्ला, फकिरो का मोहल्ला को शामिल करते हुए, कबूतर चौंक को बायी तरफ छोड़ते हुए मस्जिद तक।	610
15	मण्डा चोराहा रा.आ.उ.मा.वि. को दायी तरफ शामिल करते हुए, राजकीय चिकित्सालय, ब्राहामणो के मोहल्ले को बायी तरफ छोडते हुए, कुमावतो का मोहल्ला, पटवारी मोहल्ला, मीणो का मोहल्ला को दायी तरफ शामिल करते हुए, कबूतर चौंक को बायी तरफ छोडते हुए, कला भवन को शामिल करते हुए, लक्ष्मी होटल को शामिल करते हुए, मित्रमण्डल को बायी तरफ छोडते हुए, मंदिर मार्ग पर उत्तर दिशा में चलते चलते व श्याम होटल व पंचायती धर्मशाला कों शामिल करते हुए पुरानी बस स्टेण्ड को बायी तरफ छोडते हुए, अलोदा तिराहा पर बंधु पब्लिक स्कूल को बाये छोडते हुए, बीएसएनएल कॉलोनी को शामिल करते हुए, पूर्व दिशा में मण्डा रोड तक चलते हुए रा.बा.वि. को बायी तरफ छोडते हुए, सनराईज होटल व फतेहबाद धर्मशाला को दाये तरफ शामिल करते हुए, दांतारोड पर पूर्व की तरफ चलते चलते रा.आ.उ.मा.वि. तक।	650
16	खाटूश्यामजी फिलिंग स्टेशन रींगस रोड से दक्षिण दिशा में चलते चलते वृन्द्धावन धर्मशाला को बायी तरफ छोडते हुए, चक्रधारी धर्मशाला को दाये	653

	शामिल करते हुए, मटियाबुर्ज धर्मशाला को शामिल करते हुए, श्री श्याम रतन धर्मशाला को बायी तरफ छोडते हुए, लामिया रोड पर उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए, हरिजन बस्ती, हलवायी बस्ती को दायी तरफ शामिल करते हुए, गढ धर्मशाला व मस्जिद को बायी तरफ छोडते हुए, ब्राहामणो के मोहल्ले को शामिल करते हुए, कुमावतो के मोहल्ले को बायी तरफ छोडते हुए, रा.उ.मा.वि. को बायी तरफ छोडते हुए, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को दायी तरफ शामिल करते हुए, सांवरिया, कानपूर, जयपूर धर्मशाला को शामिल करते हुए रींगस रोड पर पूर्व में चलते हुए वृन्द्धावन धर्मशाला तक।	
17	मण्ढा चौराहा से दांतारोड पर पश्चिम दिशा में चलते हुए, फतेहाबाद व सनराईज होटल को बायी तरफ छोडते हुए, देवेन्द्र शर्मा के मकान को शामिल करते हुए, मण्डा रोड पर उत्तर दिशा में चलते चलते संस्कृत विद्यालय को दायी तरफ शामिल करते हुए, बंधा कॉलोनी को शामिल करते हुए, आरवी होटल को दायी ओर शामिल करते हुए व रोडवेज बस स्टेण्ड कों बायी तरफ छोडते हुए, रींगस रोड पर पूर्व दिशा में चलते हुए दक्षिण दिशा में मुड़कर बिजली ग्रेड को बायी तरफ छोडते हुए, छितरमल पुनियां को दायी तरफ शामिल करते हुए, चक्रधारी धर्मशाला को बायी तरफ छोड़ते हुए उत्तर दिशा में चलते चलते वृन्द्धवन धर्मशाला, खाटूश्यामजी पेट्रोल पम्प से पश्चिम की तरफ रींगस रोड़ पर चलते चलते मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय को बायी तरफ छोडते हुए रा.उ.मा.वि. को बायी तरफ छोडते हुए, नगर पालिका कार्यालय को शामिल करते हुए, लुहारू की बस्ती को शामिल करते हुए मण्ढा चौराहा तक।	690
18	रोडवेज बस स्टेण्ड को दायी तरफ शामिल करते हुए उत्तर दिशा में हनुमानपुरा रोड पर चलते चलते बंधा कॉलोनी को बाये तरफ छोडते हुए, सुभम स्कूल को बायी तरफ छोडते हुए, पूर्व दिशा में चलते हुए, रावलो की ढाणी को शामिल करते हुए, दक्षिण दिशा में चलते हुए, रींगस रोड पर पूर्व दिशा में चलते हुए, सांवरथिया धर्मशाला को दायी तरफ शामिल करते हुए, नगर पालिका व चौमू पूरोहितान की सीमा के सहारे सहारे दक्षिण दिशा में चलते चलते सरदार पुनियां के मकान को बाये छोडते हुए, श्योजीराम व बनवारीलाल पुनियां को दाये तरफ शामिल करते हुए, राज वाली ढाणी को दायी तरफ शामिल करते हुए, पश्चिम दिशा में चलते चलते बिजली ग्रेड को दायी तरफ शामिल करते हुए, उत्तर दिशा में चलते चलते रींगस रोड पर स्थित खाटूधाम विकास सोसायटी व पार्किंग को दायी तरफ सामिल करते हुए तौरण द्वार से होते हुए रोडवेज बस स्टेण्ड तक।	705
19	हनुमानपुरा रोड पर स्थित प्रकाश शर्मा के मकान को दायी तरफ शामिल करते हुए, रा.मा.वि. हनुमानपुरा को दायी तरफ शामिल करतें हुए, नगर पालिका व चौमूपुरोहितान की सीमा के सहारे सहारे दक्षिण में चलते हुए, दाये भाग को शामिल करते हुए, राजस्व ग्राम हनुमानपुरा को शामिल करते हुए, प्रहलाद शर्मा वकील के मकान को शामिल करते हुए, सीमा के सहारे सहारे रींगस रोड से	750

	पश्चिम दिशा में चलते हुए पेट्रोल पम्प को बायी तरफ छोडते हुए, उत्तर दिशा की तरफ चलते हुए बलाईयों के मकान व रावलो की ढाणी कों बायी तरफ छोडते हुए, हनुमानपुरा रोड पर उत्तर की तरफ चलते चलते स्वामि की ढाणी व सूण्डा की ढाणी को बायी तरफ छोडते हुए हनुमानपुरा रोड पर स्थित प्रकाश शर्मा के मकान तक।	
20	अलोदा रोड पर स्थित दौलत राम बलाई के मकान को दायी तरफ शामिल करते हुए, नगर पालिका व राजस्व ग्राम अलोदा की सीमा के सहारे सहारे पूर्व दिशा में चलते हुए, मण्ढा रोड को पार करतें हुए प्रकाश शर्मा के मकान को बायी तरफ छोडते हुए, दक्षिण दिशा में चलते हुए, बिजारनियों की ढाणी, सुण्डा की ढाणी, स्वामियो की ढाणी, शुभम स्कूल को दायी तरफ शामिल करते हुए, सामोता की ढाणी, प्रमोद शर्मा के मकान, राजेन्द्र दास की बावड़ी, बाबूदान धर्मशाला, सीताराम मीणा पत्रकार के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में चलते हुएं अलोदा रोड पर पिलानी धर्मशाला व सीताकुण्ड को दायी तरफ शामिल करते हुए दौलत राम बलाई के मकान तक।	720

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।